समाचार

स्वच्छता महाअभियान के दूसरे दिन आज वार्ड क्र. 02 साकेतनगर व वार्ड क्र. 34 लालघाट में चली मेगा स्वच्छता ड्राईव

(अभियान के तहत व्यापक साफ–सफाई के कार्य किए गए, आमनागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही शहर को साफ–सुथरा रखने में उनकी महती सहभागिता का किया गया आग्रह)

कोरबा 27 जनवरी 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान के दूसरे दिन आज सोमवार को वार्ड क्र. 02 साकेतनगर एवं वार्ड क्र. 34 लालघाट की सभी बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई एवं व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई कार्यो को अंजाम दिया गया। अभियान के दौरान बस्तीवासियों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने के साथ ही उनके गली, मोहल्ले, बस्ती व शहर को साफ–सुथरा रखने में उनकी महत्वपूर्ण सहभागिता का आग्रह भी किया गया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यो का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता कार्यो में संलग्न कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 25 जनवरी से स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है, प्रथम दिन वार्ड क्र. 01 एवं वार्ड क्र. 29 में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जबकि अभियान के दूसरे दिन आज सोमवार को वार्ड क्र. 02 साकेत नगर अंतर्गत टी.पी.नगर नया बस स्टैण्ड, लालूराम कालोनी, प्रेस काम्पलेक्स, तुलसीनगर, गेरवाघाट बस्ती, डीडीएम रोड, गेरवाघाट अटल आवास आदि में अभियान संचालित हुआ। इस दौरान शुभदा काम्पलेक्स के समीप स्थित बड़ा नाला की सफाई के साथ–साथ उक्त सभी आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों में व्यापक रूप से साफ–सफाई के कार्य किए गए। डीडीएम रोड तुलसीनगर स्थित मुख्य मार्ग में सड़क के किनारे डम्प किए गए वाहनों के कबाड़ को हटाया गया, सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों, बर्म आदि की साफ–सफाई, नालियों की सतह से सफाई आदि के कार्य कराए गए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 34 लालघाट बस्ती, चेकपोस्ट, रिसदा, फायर कालोनी, अमरसिंह होटल स्थित बस्ती आदि रहवासी क्षेत्रों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई, नाले–नालियों की सफाई, जीव्हीपी की सफाई एवं उसे खत्म करने, सड़कों के किनारे स्थित बर्म, झाडी, नालियों की सतह से सफाई सहित अन्य साफ–सफाई के कार्य एक अभियान के तहत व्यापक पैमाने पर कराए गए। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़े भूखण्डों में डम्प कचरे को लेकर संबंधित भूखण्ड मालिकों को नोटिस जारी करने के साथ ही भूखण्डों की साफ–सफाई कराने उन्हें निर्देश दिए

गए। अभियान के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा के साथ ही जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, अखिलेश शुक्ला, विनोद कुमार शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील टांडे, मोतीलाल बरेठ, सतानंद द्विवेदी, विनोद गोंड़, सोमनाथ डेहरे, अंजुलता तिग्गा, धनमोहन कुर्रे, पंकज गभेल सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, सफाई कर्मी, स्वच्छता दीदियॉ आदि ने अपनी सहभागिता दी।

शहर की स्वच्छता में दें सहभागिता, आयुक्त ने की अपील – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि शहर को साफ–सुथरा रखने, स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने, निगम द्वारा स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है, अतः जिस दिन जिस वार्ड में स्वच्छता अभियान संचालित किया जाए, वहॉ के नागरिकबंधु प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक निगम के इस महाअभियान में शामिल होकर स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता प्रदान करें तथा अपने कोरबा शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग दें।

28 जनवरी को वार्ड क्र. 23 एवं 22 में चलेगा अभियान – 28 जनवरी मंगलवार को निगम के वार्ड क्र. 23 रविशंकर नगर एवं वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर की बस्तियों, आवासीय क्षेत्रों, मुख्य्य मार्गो व संपर्क सड़कों, सार्वजनिक स्थलों आदि में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई जाएगी। इस दौरान सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ–सफाई किए जाने के साथ ही वहॉ के रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, अपने गली मोहल्लें को साफ–सुथरा रखने में सहयोग देने का आग्रह किए जाने के साथ ही विविध स्वच्छता गतिविधियॉ संचालित की जाएंगी।